झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
Corporation Identification No.-U45201JH2015SGC003325
Regd. Office:- Building Construction Department, Govt. of Jharkhand, Project Building, P.O.- Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand
Phone No.:- 0651-2446257/2446258/2446259, e-mail:-jsbccljharkhand@gmail.com

पत्रांक- झ०नि०नि०-20/19-49(नि०) रॉंची, दिनांक- 06/01/2022

प्रेषक :-

कार्यपालक निदेशक,
झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, रॉंची।

सेवा में,

M/S Highway Construction
S-17/3 Adityapur, P.O.+P.S.- Adityapur
Dist.- Saraikela

विषय :- पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, बोड़ाम के निर्माण कार्य में विलम्ब हेतु डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः- प्रबंधक-सह-कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पी0आई0यू0 का पत्रांक- 05 दिनांक- 05.01.20211, पत्रांक 04 दिनांक 04.01.2021 एवं पत्रांक 1543 दिनांक 10.12.2020

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, बोड़ाम के निर्माण कार्य को आरम्भ दिनांक 22.11.2016 तथा समाप्ति दिनांक 21.02.2018 को किया जाना था किन्तु लगभग तीन वर्ष से अधिक की अवधि बीत जाने के बाद भी अब तक लगभग 25 प्रतिशत का कार्य ही पूर्ण किया गया है। प्रबंधक द्वारा भी सूचित किया गया है कि निर्माण कार्य लगभग पिछले दो वर्ष से बंद पड़ा हुआ है एवं उनके द्वारा मौखिक तथा लिखित रूप से निर्देश दिए जाने के बाद भी आपके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। विभिन्न समीक्षात्मक बैठक में भी आपको एक्त कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निदेश दिया जाता रहा है किन्तु निर्माण कार्य को पूर्ण करने में आपके द्वारा कोई रूचि नहीं ली जा रही है। जो कार्य के प्रति आपके उदासीनता एवं लापरवाही को दर्शाता है।

तदनुरूप निर्माण कार्य में हुये विलम्ब के कारण भवन निर्माण विभाग की अधिसूचना सं0- 3855 दिनांक 31.12.2015 झारखण्ड संवेदक निबंधन नियमावली की कण्डिका- 11.1.4 के आलोक में निगम द्वारा भविष्य में आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में भाग लेने से तत्काल प्रभाव से वंचित (डिबार) किया जाता है।

विश्वासभाजन

6/1/22

कार्यपालक निदेशक,
झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, रॉंची।

ज्ञापांक..झ०नि०नि०-20/19-49(नि०) दिनांक..06/01/2022

प्रतिलिपिः-नोडल पदाधिकारी ई0 प्रोक्योरमेंट सेल/ संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/ प्रबंधक-सह-कार्यपालक अभियंता, JSBCCL, पी0आई0यू0, पूर्वी सिंहभूम/ प्रबंध निदेशक के वरीय प्रधान आप्त सचिव, झा0रा0भ0नि0नि0लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/1/22

कार्यपालक निदेशक,
झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, रॉंची।